राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून/हैदराबाद 02 सितम्बर, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को तेलंगाना, हैदराबाद में ग्रीन रोबोटिक्स द्वारा विकसित ड्रोन डिफेंस सिस्टम ''इंद्रजाल'' के लाँचिंग कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। ग्रीन रोबोटिक्स द्वारा विकसित किया गया यह पहला स्वदेशी स्वायत्त ड्रोन डिफेंस सिस्टम है जिसे मानव रहित हवाई यानों व ड्रोन के हमलों को रोकने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

राज्यपाल ने कहा कि इंद्रजाल कि वास्तविक विशेषता है कि यह पूर्ण रूप से भारत में निर्मित हुआ है, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ाया गया एक अद्भुत कदम है। यह पूरी तरह से भारतीय धरती पर, भारतीय प्रतिभा द्वारा, भारतीय संसाधनों का उपयोग करके विकसित किया गया है जो हमें गर्व की अनुभूति कराता है। उन्होंने कहा कि यह प्रौद्योगिकी और रक्षा के क्षेत्र में हमारे देश की बढ़ती क्षमताओं का प्रमाण है। उन्होंने ग्रीन रोबोटिक्स की अनुसंधान टीम को उनके इस सराहनीय नवाचार के लिए बधाई एवं शुभकामनांए दी।

उन्होंने कहा की इंद्रजाल का सतरंगी स्पैक्ट्रम अभी नई से नई तकनीकी के साथ निरंतर प्रगति की दिशा में आगे बढ़े यह दृढ़ इच्छा है। इंद्रजाल रक्षा प्रणाली में हमारे सुरक्षा प्रोटोकॉल हेतु क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता है, जिससे भारत और वैश्विक समुदाय दोनों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित होगा।

राज्यपाल ने कहा कि भारत के प्रौद्योगिकी सम्पन्न वैज्ञानिकों के पुरुषार्थ ने यह हमारे लिए बहुत बड़ा उपहार दिया है। यह इंद्रजाल हमारे दुश्मनों की मनोभावों और संकल्पनाओं को सदैव के लिए समाप्त कर देगा। इसमें विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत में सुरक्षित भारत और शक्ति सम्पन्न भारत की भावना भी समाहित है। उन्होंने कहा कि हमें टैक्नोलॉजी के माध्यम से इसी प्रकार नई–नई राहें तलाशनी हैं।

.............0.............